तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

# हरिभूमि बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 21 नवंबर 2025

14 तहसील साहू संघ के नवीन पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार



13 मनुष्य का जीवन भगवत प्राप्ति का एकमात्र ...





## राष्ट्रपति सम्मान के बाद बालोद लौटीं कलेक्टर मिश्रा का जिला प्रशासन ने किया स्वागत

### जल संचय-जन भागीदारी अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के लिए बालोद जिला देश में प्रथम रहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ विज्ञान भवन दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया सम्मानित

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा 'जल संचय, जन भागीदारी' अभियान के अंतर्गत बालोद जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित होने के पश्चात वापस जिले में आगमन पर जिला प्रशासन के अधिकारी–कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया गया।

इस अवसर पर अधिकारी–कर्मचारियों ने कहा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में जल संचय एवं जन भागीदारी अभियान





के अंतर्गत जिले में हुए बेहतरीन कार्यों के फलस्वरूप बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में बालोद जिले के प्रथम स्थान प्राप्त होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि इस कार्य को सफलतापूर्वक संपादित करने में हमारे टीम लीडर कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का सतत मार्गदर्शन, प्रेरणा के साथ–साथ लक्ष्य को हासिल करने के लिए सटीक कार्य योजना बनाकर निर्धारित समयावधि में उसे कार्य रूप में परिणीत कराने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है। जिसके फलस्वरूप बालोद जिले को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के कर कमलों से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है कि जल संचय, जन भागीदारी अभियान (जेएसजेबी 1.0) के तहत पूवएँ जोन में शामिल बालोद ▶▶| शेष पेज 12 पर

## खबर संक्षेप

### बच्चे को बाइक ने मारी टक्कर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बालोद।** खेलकर वापस आ रहे बच्चे को मोटर सायकल ने ठोकर मार दिया। जिससे घायल बच्चे को अस्पताल में भर्ती किया गया। जिसमे परिजन ने मोटर सायकल चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शिकारीपारा बालोद वार्ड क्रमांक 19 निवासी भारती सोनकर ने पुलिस को बताया कि 15 नवंबर को मैं एवं मेरे पति रूपेश कुमार सोनकर दोनो सब्जी मण्डी सब्जी खरीदने गये हुये थे। मेरा लड़का लुमेश सोनकर उम्र 04 वर्ष घर पर था। जो अपने दोस्त के साथ खेलने के लिये उसके घर मोहल्ले में ही गया था, जहां से शाम करीबन 05:15 बजे घर वापस आ रहा था, सोमन साहू के घर के पास पहुंचा था कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 टी 8231 के चालक ने मेरे लड़के को सामने से ठोकर मारकर एक्सीडेन्ट कर दिया। एक्सीडेन्ट करने से मेरे लड़का लुमेश सोनकर के बाएं पैर में चोट आया है।

### स्कॉर्पियो को ट्रक ने मारी टक्कर, तीन बच्चे घायल

**बालोद।** घर के सामने खड़े स्कार्पियो को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिसमे बैठे तीन बच्चे घायल हो गए। जिसके बाद वाहन मालिक ने ट्रक चालक के खिलाफ रिपोर्ट लिखाई है। जिसमे पुलिस ने धारा 184 एलकेएस, 125(एं), 281 बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है। ग्राम आगेसरा निवासी कृषि दवाई कम्पनी रायपुर में रिजनल मैनेजर हेमन्त कुमार सोनी ने पुलिस को बताया कि 19 नवंबर को रिश्तेदार जीवराखन साहू के घर के सामने भेष नारायण साहू का स्कार्पियो क्रमांक सीजी 05 एफ 0595 खडा था, स्कार्पियो में भेष नारायण साहू के पुत्र जिज्ञांश साहू 06 वर्ष तथा उनके रिश्तेदार चुनेश्वरी उम्र 17 वर्ष, काजल साहू 16 वर्ष अंदर बैठे थे, रात्रि लगभग 09.10 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 24 एफ 6779 के चालक द्वारा सामने खडी वाहन क्रमांक बीआर 01 पीएच 2847 को सामने से ठोकर मारने से पीछे ▶▶| शेष पेज 12 पर

## आयोजन

### वनोपज संघ के नए अध्यक्ष उपाध्यक्ष ने संभाला पदभार

## वनवासियों की आय बढ़ाना, सरकार की प्राथमिकता: मुख्यमंत्री साय





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ मुख्यमंत्री साय ने वनक्षेत्र के हितग्राहियों की आर्थिक सशक्तीकरण योजनाओं पर दिया जोर

राजधानी रायपुर में बुधवार को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज व्यापार एवं विकास सहकारी संघ मर्यादित के नवनियुक्त अध्यक्ष रूप साय सलाम और उपाध्यक्ष बालोद नगर निवासी यज्ञदत्त शर्मा के पदभार ग्रहण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित इस समारोह में बड़ी संख्या में बालोद जिले के वनोपज संग्राहक, जनप्रतिनिधि, नागरिक मौजूद रहे। समारोह के साथ राज्य में नई टीम के कार्यकाल की औपचारिक शुरुआत हो गई है, जिससे वनांचल क्षेत्र में विकास और आर्थिक सुदृढ़ीकरण के नए आयाम खुलने की उम्मीद जताई जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री साय



उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह दायित्व अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि राज्य की बड़ी जनसंख्या वनोपज पर निर्भर है। उन्होंने कहा कि रूप साय सलाम स्वयं जनजातीय समुदाय से आते हैं, इसलिए वे वनक्षेत्र के वासियों की समस्याओं और आवश्यकताओं को गहराई से समझते हैं। राज्य लघु वनोपज सहकारी संघ मर्यादित के पदभार ग्रहण के अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ के नवनियुक्त उपाध्यक्ष यज्ञदत्त शर्मा की खुलकर प्रशंसा की। सीएम साय ने कहा यज्ञदत्त शर्मा बहुत ही अनुभवी है, मेहनती है और बीच–बीच मे आकर मुझे सलाह देते रहते थे। मुख्यमंत्री ने भरोसा जताया कि उनकी नेतृत्व क्षमता से वनोपज संग्राहकों की आय में बेहतर वृद्धि सुनिश्चित होगी। मुख्यमंत्री साय ने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार वनक्षेत्र के वासियों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए प्रतिबद्ध है। तेंदूपत्ता संग्राहकों को देश में सर्वाधिक मूल्य देना, वनोपजों का वैल्यू एडिशन बढ़ाना और वनवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान हमारी शीर्ष प्राथमिकताएं है। वनमंत्री केदार कश्यप ने बताया कि तेंदूपत्ता को 'हरा सोना' कहा जाता है और मुख्यमंत्री साय ने इसके मूल्य बढ़ाकर 4,000 से 5,500 रुपये प्रति मानक बोरा कर दिया है, जिससे छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य बन गया है जहां इतने ऊंचे दर पर खरीद की जा रही है।

### ये रहे मौजूद

कार्यक्रम में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव सिंह, रायपुर लोकसभा के संसद ब्रजमोहन अग्रवाल, प्रदेश के वनमंत्री केदार कश्यप, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, नान चेयरमैन संजय श्रीवास्तव, योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, आदिवासी स्वास्थ्य परंपरा बोर्ड के अध्यक्ष विकास मरकाम, वक्फ बोर्ड के चेयरमैन डॉ. सलीम राज, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, वनबल प्रमुख व्ही. श्रीनिवास राव वरिष्ठ भाजपा नेता पत्रकार रमन टुवानी सहित बालोद जिले के भाजपाई उपस्थित रहे। जिनमे भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रीतम साहू, कृष्णकांत पवार एवं पवन साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेंद्र चन्द्राकार, उपाध्यक्ष तोमन साहू, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अमित चोपड़ा, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रमुख रहे।

## राष्ट्रीय वन खेल स्पर्धा कैरम में छग को 2 गोल्ड सहित 4 पदक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

■ खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से प्रदेश का गौरव बढ़ा

देहरादून में 12 से 16 नवंबर 2025 तक आयोजित 28वीं अखिल भारतीय वन खेल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कुल चार पदक अपने नाम किए। टीम ने 02 स्वर्ण, 01 रजत और 01 कांस्य जीतकर प्रदेश का मान बढ़ाया। छत्तीसगढ़ टीम का मार्गदर्शन संगीता गुप्ता (ए.पी.सी.सी.एफ.) रायपुर एवं मूलचंद शर्मा द्वारा किया गया। केरम डबल्स में संगीता गुप्ता एवं पुष्पा सिंह ने स्वर्ण पदक जीता।

केरम सिंगल्स में पुष्पा सिंह ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए एक स्वर्ण अपने नाम किया।वहीं केरम डबल्स में रफीक खान व पुष्पा ने सिल्वर तथा निखिल अग्रवाल एवं मो अजीमुल्ला खान ने डबल्स में चौथा स्थान प्राप्त कर छ ग को पदक दिलाया। खिलाड़ियों के इस



उत्कृष्ट प्रदर्शन पर प्रदेश के वन मंत्री केदार कश्यप, मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्रीनिवास राव, तथा विभाग के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शुभकामनाएं दीं। टीम के लौटने पर रेलवे स्टेशन में बाजे-गाजे और फूल मालाओं से उनका भव्य स्वागत किया गया।

कार्यक्रम की सफलता पर संगीता गुप्ता ने कोच मूलचंद शर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया और खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। छत्तीसगढ़ टीम के इस शानदार प्रदर्शन से प्रदेश ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है।

## झाड़ियों के पास मिली लाश मौत का कारण अज्ञात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर से दल्ली राजहरा मुख्य मार्ग पर ग्राम जाटादाह स्थित पेट्रोल पंप के पास मार्ग से नीचे झाड़ियों में बुधवार देर रात्रि लगभग सात बजे एक व्यक्ति के अचेतावस्था में होने की सूचना मिलने पर नगर की पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची व उस व्यक्ति को नगर के शॉ अस्पताल लाया गया।

अस्पताल में डॉ ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित किया। थाना प्रभारी एएसआई अनितराम यादव ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति के शव मिलने के बाद मर्ग कायम कर जांच विवेचना में लिया गया था। पुलिस ने अपने माध्यम से पतासाजी की जिससे व्यक्ति की पहचान ग्राम मुरमतरा थाना नरहरपुर जिला कांकेर निवासी राकेश कुमार मंडावी 25 वर्ष के रूप में हुई। सूचना पर परिजन भी पहुंचे। परिजनों से मिली जानकारी अनुसार मृतक सील-बत्ता बेचने का व्यवसाय करता था।

बाइक में घूम घूमकर सिल लोढ़ा बेचता था। घटनास्थल से कुछ दूरी पर उसकी बाइक भी खड़ी थी। जिसमें सील-बत्ता रखा हुआ था। ऐसा अनुमान लगाया जा रहा है कि बाइक को खड़ा करने के बाद लघुशंका आदि के लिए मार्ग के किनारे झाड़ियों में गया होगा। पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। मौत के कारण का पता पीएम रिपोर्ट के बाद ही चलेगा।

## अवैध धान भंडारण पर जिला प्रशासन की सख्त कार्वाई, कलेक्टर ने किया गोदामों का निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

■ फुटकर व्यापारियों के गोदामों में मिली अनियमितताओं पर होगी कड़ी कार्रवाई

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत जिले में अवैध धान की खरीदी एवं बिक्री पर रोकथाम लगाने हेतु लगातार कार्वाई की जा रही है। जिससे की जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से संपन्न होने के साथ–साथ केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित हो सके। इसके अंतर्गत कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष एवं एसडीएम और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के साथ धान के फुटकर व्यापारियों के गोदामों में पहुंचकर वहां रखे गए धान का अवलोकन किया। इस दौरान अधिकारियों ने फुटकर व्यापारियों के दुकान या गोदामों में कृषि उपज मंडी द्वारा जारी किए गए लाईसेंस के आधार पर निर्धारित मात्र के अनुरूप एवं अधिक धान की उपलब्धता की जांच की। इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा एवं ▶▶| शेष पेज 12 पर

जन्मदिन उत्सव
महाबम्पर ड्रा
कल के अंक में देखें
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसका महाबम्बर ड्रा दिनांक 22 नवंबर 2025 से निकाला जायेगा।
भाग्यशाली पाठकों के उपहार देने की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## जिले में उड़नदस्ते की सघन कार्वाई 218 क्विंटल धान जब्त, 6 प्रकरण दर्ज





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य के अंतर्गत उड़न दस्ता दल द्वारा सघन जांच की कार्यवाही निरंतर की जा रही है।

तहसीलदार आशुतोष शर्मा ने बताया कि जिले में खरीफ विपणन वर्ष 2025–26 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी कार्य अंतर्गत कृषि उपज मंडी बालोद की उड़न दस्ता टीम द्वारा संघन जांच कर मंडी अधिनियम अंतर्गत अब तक 06 प्रकरण बनाकर 218 क्विंटल धान की जप्ती की गई है। उन्होंने बताया कि आज बालोद तहसील अंतर्गत ग्राम लिमोरा में 22 क्विंटल, ग्राम लोण्डी में 40 क्विंटल, ग्राम पोण्डी में 99 क्विंटल, ग्राम भेड़िया नवागांव में 32 क्विंटल और ग्राम बेलमांड में 24 क्विंटल अवैध रूप से धान के भण्डारण पर जप्ती की कार्यवाही की गई है।

**पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित**
**पैरामेडिकल संस्थान, बिलासपुर (छ.ग.) 495006**

निम्न तालिका अनुसार (छ.ग.) के विभिन्न जिलों में 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्थान द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रमों में (सत्र 2025-26) में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**उपलब्ध विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठ्यक्रम एवं कुल सीटें**

| उपलब्ध प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम | (D.M.L.T.) डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्निशियन | (M.P.W.) पोस्ट डिप्लोमा इन मल्टीपरपस हेल्थ वर्कर | (C.O.T.) सर्टिफिकेट इन आपरेशन थियेटर टेक्निशियन | (EMT) पोस्ट डिप्लोमा इन इमरजेंसी मेडिकल टेक्निशियन | (GDA) जनरल ड्यूटी एसिस्टेंट | सर्टिफिकेट इन मेडिकल ड्रेसर | (X-Ray) पोस्ट डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्निशियन |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बिलासपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| जांजगीर-चांपा | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| अंबिकापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सूरजपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| रायपुर | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें | 90 सीटें |
| धमतरी | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| सरईपाली | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| जगदलपुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| बीजापुर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कोंडागांव | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |
| कांकेर | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें | 60 सीटें |

आवेदन हेतु 12 वी कक्षा में न्युनतम प्रतिशत : अनु. जनजाति 40%, अनु.जाति हेतु 42%, अन्य पिछड़ा वर्ग 45%, सामान्य वर्ग 50% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व.संग्राम सेनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

नोट :-

1. आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट रूप से भरे। साथ ही 55 रूपये का डाक टिकट लगा हूआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का नाम, पिता का नाम एवं पूर्ण पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि तक ही स्वीकार किया जाएगा)
2. चयनित उम्मीद्वारो को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा।
3. केवल आवेदक ही काउंसलिंग हेतु पात्र होंगे।
4. छ.ग. के किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।
5. छत्तीसगढ़ के समस्त जिलों में संचालित पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रमों के समस्त सीटों में प्रवेश हेतु सीधे प्रवेश अवैध / गलत है। अतः विद्यार्थी किसी कंसलटेंट / व्यक्ति / एजेंट जो आपको संस्था में प्रवेश दिलाने का प्रलोभन दें उनके बहकावें में न आएं और कोई भी दस्तावेज न दें, ना ही एडमिशन दिलाने के एवज में कोई भी राशि न दें।

आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि :-05.12.2025 तक।
आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :-10.12.2025 तक।

**आवेदन पत्र भेजने का प्रारूप**

प्रति,
संचालक
पैरामेडिकल संस्थान, ओम प्लाजा, बजरंग चौक, राजकिशोर नगर, बिलासपुर (छ.ग.) 495 006
महोदय,
................ (पाठ्यक्रम का नाम) में चयन हेतु मैं अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा / रही हूँ।
1. आवेदक का नाम ................ 2. पिता / पति ................
3. जन्म तिथि अंकों में ................ 4. वर्ग - अनु. ज. जाति ☐ अनु. जन जाति ☐ पिछड़ा वर्ग ☐ सामान्य ☐
5. पत्र व्यवहार का पता - ग्राम ................ पोस्ट ................ तहसील ................
थाना ................ जिला ................ पिन कोड ☐
मो. नं. 1 ................ मो. नं. 2 ................ वाट्सअप नं. ................
6. केन्द्र का नाम जहां चयन पश्चात प्रवेश लेना चाहते है ................
7. शैक्षणिक योग्यता-

| क्र. | उत्तीर्ण परीक्षा का नाम | उत्तीर्ण वर्ष | कुल अंक | प्राप्तांक | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |

कार्यालय संचालक, पैरामेडिकल संस्थान, NSDC/SDMS केन्द्र क्रमांक 89923 बिलासपुर (छ.ग.)

# कलेक्टर दिव्या ने किया धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद




कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने जिले के गुरूर एवं बालोद विकासखण्ड के विभिन्न धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर वहां के संपूर्ण व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने गुरूर विकासखण्ड के मिरऍटोला, कनेरी, गुरूर, धनोरा एवं बालोद विकासखण्ड के सांकरा क धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर वहां मूलभूत सुविधाओं की उलपब्धता किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए जाने वाले धान की गुणवत्ता, धान खरीदी केन्द्रों के संचालन हेतु नियुक्त किए गए अधिकारी-कर्मचारियों की समय पर उपस्थिति एवं उनके कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सभी धान खरीदी केन्द्रों में अपने धान की बिक्री हेतु आने वाले किसानों के लिए पेयजल, बैठक एवं छांव इत्यादि व्यवस्थाओं के अवलोकन के अलावा ड्यूटी में तैनात अधिकारी-कर्मचारियों को किसानों के लिए शौचालय आदि सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने समिति प्रबंधक तथा मौके पर उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों को केवल गुणवत्तायुक्त धान की खरीदी करने के अलावा केवल वास्तविक किसानों के वास्तविक रकबे के आधार पर ही धान की खरीदी सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

■ गुणवत्ता और व्यवस्था सुनिश्चित करने के सख्त निर्देश दिए

इस मौके पर कलेक्टर मिश्रा ने खरीदी केन्द्रों के नोडल अधिकारियों, समिति प्रबंधकों एवं निगरानी समितियों में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों से अब तक की कुल धान खरीदी तथा इस वर्ष धान खरीदी हेतु निर्धारित लक्ष्य तथा धान की पैदावार की जानकारी सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी पंजी का अवलोकन कर धान की नमी जाँच का संधारण एवं किसानों से खरीदे गए कुल धान की मात्र आदि की जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में बारदानों की समुचित उलपब्धता एवं अवैध धान की खरीदी की रोकथाम के उपाय के संबंध में भी जानकारी ली। कलेक्टर ने समिति प्रबंधकों, नोडल अधिकारियों तथा निगरानी दल में शामिल अधिकारी-कर्मचारियों को प्रतिदिन सुबह 08 बजे धान खरीदी केन्द्रों में उपस्थित होकर धान खरीदी के कार्य को सुचारू रूप से संपन्न कराने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्र में किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान का भी अवलोकन किया। इस मौके पर मिश्रा ने किसानों द्वारा बिक्री हेतु लाए गए धान को नमी मापक यंत्र के माध्यम से धान की नमी जांच करने के भी निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने धान बिक्री हेतु उपस्थित कृषकों का किसान पुस्तिका का भी अवलोकन किया।

कलेक्टर मिश्रा ने किसानों को साफ-सूथरे एवं गुणवत्तायुक्त धान ही बिक्री के लिए धान खरीदी केन्द्रों में लाने की समझाइश दी। इस दौरान उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों के गोदामों में उपलब्ध बारदानों का भी अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन द्वारा एकीकृत किसान पोर्टल में पंजीयन कराने हेतु शेष रह गए किसानों के पंजीयन हेतु 19 नवंबर से 25 नवंबर तक का अतिरिक्त समय दिया गया है। मिश्रा ने कहा कि एग्रीस्टेक पोर्टल में पंजीयन कराने के लिए शेष रह गए कृषक धान खरीदी केन्द्रों में पहुंचकर अपना पंजीयन करा सकते हैं।

इस दौरान उन्होंने समिति प्रबधक एवं अधिकारी-कर्मचारियों से आज जारी किए गए टोकन की संख्या तथा रकबा समर्पण आदि के कार्यों के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने रकबा समर्पण के कार्य को आज से ही प्रारंभ करने के निर्देश दिए। मिश्रा ने अधिकारियों को सभी धान खरीदी केन्द्रों में धान की औसत उपज की ग्रामवार सूची अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर ने कहा कि खरीदी की जाने वाली धान में नमी का प्रतिशत 17 प्रतिशत से अधिक नही होना चाहिए। कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में कोचियों, दलालों आदि की धान की खरीदी न की जाए। उन्होंने अधिकारियों को धान के अवैध बिक्री एवं खरीदी की रोकथाम सुनिश्चित करने हेतु जरूरी उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## खबर संक्षेप



### जल संचय जनभागीदारी में दुर्ग को मिला पुरस्कार

दुर्ग। जल संचय के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करते हुए दुर्ग जिले ने इंस्ट जोन कैटेगरी 3 में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। इस उपलब्धि के लिए 18 नवम्बर को नई दिल्ली के विज्ञान भवन के प्लेनरी हॉल में आयोजित राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में दुर्ग जिले को सम्मानित किया गया। जल शक्ति अभियान की शुरुआत 1 जुलाई 2019 को जल संकट और जल संरक्षण की राष्ट्रीय चुनौती के समाधान के लिए की गई थी। राष्ट्रीय जल पुरस्कार में संवर्ग 3 में दुर्ग जिले को जल संरक्षण की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल के हाथों कलेक्टर अभिजीत सिंह को 25 लाख का चेक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त हुआ। जेएसजेबी जल संचय जनभागीदारी अभियान में देशभर में दुर्ग को छत्तीसगढ़ जोन-2 की केटेगरी-3 में 16वां स्थान मिला है।

### नशे के खिलाफ अधिकारी-कर्मचारियों ने ली शपथ



दुर्ग। नशा मुक्ति भारत अभियान के पांच वर्ष पूर्ण होने पर इस आंदोलन को जन जन तक पहुंचाने बनाने की दिशा में नगर निगम दुर्ग द्वारा शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर निगम उपायुक्त मोहेंद्र साहू ने निगम परिसर में सभी विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से नशा मुक्ति की शपथ ग्रहण कर समाज को संदेश दिया कि नशे से दूर रहकर ही स्वस्थ, सुरक्षित और जागरूक शहर का निर्माण संभव है। अधिकारी और कर्मचारी हाथ उठाकर एक स्वर में बोले कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे, दूसरों को भी इससे बचने की प्रेरणा देंगे तथा समाज में नशा मुक्त वातावरण बनाने में सहयोग करेंगे।

सुविधा : रिसाली निगम ने एमआईसी की बैठक में लिया निर्णय

# डुण्डेरा व मैत्रीकुंज में बनेगा ओवर हेड टैंक, पेयजल संकट से मिलेगी राहत

**दोनों ही क्षेत्र में पानी की समस्या से जूझ रहे हैं लोग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई




रिसाली निगम में बुधवार को हुए महापौर परिषद की बैठक में सदस्यों ने पेयजल आपूर्ति पर गंभीर चिंतन किया। महापौर शशि सिन्हा की अध्यक्षता वाले परिषद के सदस्यों ने निगम क्षेत्र के विस्तार को देखते हुए ओवर हेड टैंक निर्माण पर जोर दिया।

परिषद ने मैत्रीकुंज और डुण्डेरा में ओवर हेड टैंक निर्माण के लिए निविदा बुलाने सहमति दी। महापौर परिषद की बैठक में एमआईसी सदस्य संजू नेताम, जहीर अब्बास, अनिल देशमुख, रोहित धनकर, ममता यादव, जमुना ठाकुर, रंजीता बेनुआ, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा, कार्यपालन अभियंता सुनिल दुबे समेत अन्य विभाग प्रमुख मौजूद थे। बैठक में कई महत्वपूर्ण विषयों को लेकर चर्चा हुई। साथ ही निर्णय लिए गए।

### इस तरह देना होगा जुर्माना

पहले मर्तबा 500 और दूसरी बार मवेशी पकड़ाने पर उस मालिक से 1000 और तीसरी बार में 1500 रूपए का जुर्माना वसूल किया जाएगा। इसके बाद भी मवेशी सड़क पर विचरण करते पाए जाने पर उस मवेशी को निगम द्वारा जब्त कर नीलामी प्रक्रिया पूरी करेगी। महापौर परिषद ने निर्णय लिया है कि पहले मवेशियों के सिंग में डेयरी संचालक रेडियम भी लगाऐंगे।

### नए कक्ष में हुई बैठक

वर्तमान में निगम कार्यालय तीन हिस्सों मे संचालित है। आमतौर पर छोटी बैठक व समीक्षा महापौर व आयुक्त मोनिका वर्मा अपने-अपने कक्ष में करते थे। आयुक्त ने मुख्य कार्यालय मे ही सभाकक्ष तैयार कराया है। इसी कक्ष में बुधवार को महापौर शशि सिन्हा ने एमआईसी बैठक ली।

### सड़क पर मवेशी छोड़ने पर बनाया गया नियम

मवेशी को खुला छोड़ने वाले मवेशी मालीकों के खिलाफ निगम ने सख्त नियम बनाए है। नियम तत्काल प्रभाव से ही लागू कर दिए गए है। नए नियम के हिसाब से न केवल जुर्माना वसूला जाएगा, बल्कि निश्चित अवधि के बाद जब्त मवेशी को निगम प्रशासन निलाम भी करेगा। परिषद के सदस्यों ने हाई कोर्ट से दिशा निर्देश आने के बाद सड़क पर विचरण करने वाले मवेशी की वजह से होने वाले दुर्घटनाओं को रोकने नियम बनाया है। सदस्यों ने निर्णय लिया है कि मवेशी को खुला छोड़ने वाले मालिकों के खिलाफ जुर्माना वसूला जाएगा।

# जोन स्तरीय सुलेख स्पर्धा कचांदुर में संपन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही

विकासखंड स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन होना है। इसी परिप्रेक्ष्य में 19 अक्टूबर को जोन कचांदुर में जोन स्तरीय सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस प्रतियोगिता में सात संकुल के बच्चे प्रतिभागी थे, शिक्षकों के साथ संकुल समन्वयक, किशन साहू, महेंद्र कुमार साहू, बलराम मार्कण्डेय, ज्योति बाला साहू, खेमलाल ठाकुर, जोन समन्वयक अतीव आनंद व जोन प्राचार्य अर्जुन सिंह तारम उपस्थित थे। इसमें पूर्व माध्यमिक विद्यालय स्तर पर प्रथम स्थान पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सिरसिदा के छात्र रितिक कुमार व द्वितीय, पूर्व माध्यमिक शाला परसदा(डंग) की संगीता रहे। प्राथमिक स्तर पर प्राथमिक शाला देवरी(क) से पूजा देशमुख, प्रथम व प्राथमिक शाला ओटेबन्द से प्रियंका ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। जिन्हें जोन प्राचार्य द्वारा पुरुस्कृत किया गया।

■ रितिक और पूजा ने प्राप्त किया प्रथम स्थान

### कांग्रेस की विचारधारा रखने वाले प्रतिभाओं को मिला प्रवक्ता बनने का मौका

दुर्ग। कांग्रेस पार्टी पूरे देश में नेशनल टैलेंट हंट कार्यक्रम आयोजित कर रही है। टैलेंट हंट कार्यक्रम के द्वारा प्रतिभाओं का चयन कर पार्टी जिला, प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर प्रवक्ता बनने का अवसर दिया जाएगा। पूर्व मुख्यमंत्री व दुर्ग जिले वरिष्ठ नेता भूपेश बघेल ने प्रवक्ता चयन में सभी वर्गों को जोड़ने के लिए प्रभारियों को निर्देश देते हुए कांग्रेस की विचारधारा रखने वाले प्रतिभाओं को मौका देने की बात कही ।

# प्रसव के दौरान मृत महिलाओं के परिजनों से मिले मंत्री गजेन्द्र यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग




विगत दिनों जिला अस्पताल दुर्ग में प्रसव के दौरान मृत महिलाओं के परिजनों से मुलाकात कर केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने संवेदना व्यक्त किए। इस दौरान परिजन सहित आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे।

■ हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करने का दिया आश्वासन

मंत्री गजेन्द्र यादव ने बताया कि दुर्ग निगम क्षेत्र के शिवपारा निवासी किरण यादव एवं बजरंग नगर निवासी पूजा यादव के विगत दिनों हुए दुर्भाग्यपूर्ण निधन की घटना अत्यंत व्यथित करने वाली है। यह घटना न केवल दो परिवारों के लिए अपूरणीय क्षति है, बल्कि समाज को भी गहरी पीड़ा पहुंचाने वाली है। आज दोनों शोकाकुल परिवारों के निवास पहुंचकर परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना प्रदान किया। इस दुःख की घड़ी में उनकी भावनाओं को समझते हुए, दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और परिवारजनों को हर संभव सहयोग और सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक स्तर पर भी इस पूरी घटना की गंभीरता से जांच हो, इसके लिए संबंधित अधिकारियों से चर्चा की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं में और अधिक सुधार सुनिश्चित किया जा सके।

# एसआईआर को लेकर भाजपा ने शुरू किया कॉल सेंटर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

मतदाता पुनरीक्षण एसआईआर फार्म भरने को लेकर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के लिए लोग दर-दर भटक रहे हैं। इन सभी परेशानियों को देखते हुए भाजपा ने कॉल सेंटर शुरू किया है।

■ लोग हो रहे परेशान इसलिए लिया गया निर्णय

दुर्ग में कॉल सेंटर की शुरुआत जिला भाजपा अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक द्वारा की गई। कार्यालय मंत्री एवं कॉल सेंटर प्रभारी आसिफ अली, मीडिया प्रभारी राजा महोबिया, महिला मोर्चा जिला महामंत्री एवं कॉल सेंटर प्रभारी सदस्य जयश्री राजपूत, एमआईसी मेंबर नीलेश अग्रवाल उपस्थित थे। सुरेंद्र कौशिक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व चल रहे मतदाता पुनरीक्षण एस आई आर को लेकर पूरी तरह से गंभीर है और इसमें किसी प्रकार की कोताही नहीं बरत रही है और लगातार बैठकों का दौर भी चल रहा है। कॉल सेंटर द्वारा लगातार लोगों से फीडबैक ली जा रही है। फार्म भरने ने किसी प्रकार की दुविधा या परेशानी आ रही है तो उसका समाधान का प्रयास किया जा रहा है।

# महापौर ने सुराना महाविद्यालय में नशा मुक्त भारत की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं समाज कल्याण विभाग दुर्ग के संयुक्त तत्वाधान में नशा मुक्त भारत अभियान के 05 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राष्ट्रव्यापी नशा मुक्त भारत अभियान की सफलता हेतु छत्तीसगढ़ शासन द्वारा व्यापक स्तर पर शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

■ नशामुक्ति को लेकर चलाया जा रहा अभियान

यह कार्यक्रम सेठ आर सी एस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के सभागार में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार, अजय कल्याणी संचालक नशा मुक्ति केन्द्र भिलाई, एपी गौतम संचालक समाज कल्याण विभाग, बीके बेनी प्रजापिता ब्रह्मकुमारी, डॉ. पीएल साव एवं युगेन्द्र कुमार गायत्री परिवार, लोकेश्वरी साहू पोटिया वार्ड पार्षद तथा डॉ. पूजा मल्होत्रा प्राचार्य सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मंचस्थ थे। मुख्य अतिथि महापौर अलका बाघमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन किया गया । उन्होंने कहा कि परिवार समाज कि एक महत्वपूर्ण इकाई है परिवार का कोई सदस्य यदि नशा करता है तो पूरा परिवार के साथ समाज भी प्रभावित होता है। पुरुष के साथ-साथ महिलाएं भी नशा कर रही हैं जो समाज के लिए घातक है। उन्होंने छात्र छात्राओं को नशा मुक्त समाज का संदेश देते हुए नशा मुक्त समाज की शपथ दिलाई। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### राष्ट्रपति सम्मान के बाद ...

जिला को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा मंगलवार 18 नवंबर को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित 6वाँ राष्ट्रीय जल पुरस्कार एवं जल संचय, जन भागीदारी अवार्ड समारोह में कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बालोद जिले में हुए उल्लेखनीय कार्यों के लिए बालोद जिले को 02 करोड़ रूपये का प्रोत्साहन राशि भी प्रदान किया गया। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के संयुक्त जिला कार्यालय पहुँचने पर अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक, अजय किशोर लकरा एवं नूतन कंवर, संयुक्त कलेक्टर मधुहर्ष एसडीएम गुण्डरदेही प्रतिमा ठाकरे झा, डिप्टी कलेक्टर प्राची ठाकुर सहित जिला प्रशासन के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने बालोद जिले को मिले इस महत्वपूर्ण उलपब्धि का श्रेय इस कार्य से जुड़े सभी लोगों के अलावा जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं मीडिया कर्मियों सहित संपूर्ण जिलेवासियों को दिया है। उन्होंने कहा कि सभी के समवेत प्रयासों से जल संचय, जन भागीदारी अभियान (जेएसजेबी 1.0) के तहत पूवएँ जोन में शामिल बालोद जिला को बेस्ट परफॉर्मिंग जिले के रूप में प्रथम स्थान प्राप्त होने के साथ-साथ देश के राष्ट्रपति के कर कमलों से सम्मानित होने का अवसर प्राप्त हुआ है। कलेक्टर मिश्रा ने कहा कि आप सभी का कार्य तेजी से घटते भूजल स्तर की रोकथाम के उपाय सुनिश्चित करने तथा पर्यावरण के संरक्षण एवं संवर्धन की दिशा में भी अत्यंत महत्वपूर्ण साबित होगा। इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को जल संचय, जन भागीदारी अभियान (जेएसजेबी 2.0) के कार्यों के लिए पूरे मनोयोग से जुट जाने को कहा।

इस अवसर पर कलेक्टर मिश्रा ने तात्कालीन जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर चंद्रकांत कौशिक सहित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों तथा जल संसाधन एवं वन विभाग, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना सहित इस कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों की सराहना करते हुए उन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा बालोद जिले को प्रदान किया गया प्रशस्ति पत्र भी भेंट किया।

### अवैध धान भंडारण पर जिला प्रशासन ...

अधिकारियों ने विकासखण्ड मुख्यालय गुरूर के वार्ड नंबर 03 में धान के फुटकर व्यापारी गंगाराम के गोदाम में पहुंचकर वहां रखे गए धान की जांच की। जांच के दौरान व्यापारी गंगाराम के गोदाम में धान नही पाया गया। इसके अलावा अधिकारियों ने बालोद विकासखण्ड के ग्राम हथौद में फुटकर व्यापारी नारायण देवांगन के अनाज गोदाम का भी निरीक्षण किया। इस दौरान धान के फुटकर व्यापारी नारायण देवांगन के द्वारा अपने गोदाम एवं गोदाम के सामने खड़ी वाहन में निर्धारित मात्र से अधिक धान रखे जाने पर कलेक्टर मिश्रा ने नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### स्कॉर्पियो को ट्रक ने मारी ....

खडी स्कार्पियो के सामने एवं पीछे भाग में एवं कीयासोनेट वाहन के आगे एवं अगल बगल क्षतिग्रस्त हो गया है तथा स्कार्पियो वाहन के अंदर बैठे चुनेश्वरी, काजल एवं जिज्ञांश को चोट आया है।

# राजेंद्र पार्क और गंजपारा में अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है आकांक्षा शौचालय तैयार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विश्व शौचालय दिवस 2025 के अवसर पर स्वच्छ भारत मिशन-शहरी 2.0 के तहत नगर पालिक निगम दुर्ग में स्वीकृत आकांक्षीय शौचालयों का आज लोकार्पण किया गया।

कार्यक्रम में महापौर अलका बाघमार ने आयुक्त सुमित अग्रवाल, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी नीलेश अग्रवाल के अलावा जन प्रतिनिधियों के साथ राजेंद्र पार्क चौक के पास एवं गंजपारा निगम काम्प्लेक्स स्थित गोकुल होटल के पीछे निर्मित दो आकांक्षा टॉयलेट का फीता काटकर शुभारंभ किया। विश्व शौचालय दिवस पर पूरे देश में आधुनिक एवं नागरिक अनुकूल शौचालयों का लोकार्पण किया जाना प्रस्तावित था। इसी क्रम में दुर्ग नगर निगम ने दोनों स्थानों में निर्मित मॉडल आकांक्षा शौचालयों को जनता को समर्पित किया।

# अमीन भर्ती परीक्षा, 154 पर्यवेक्षकों एवं 77 केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग 25 को

दुर्ग। व्यापम की जल संसाधन विभाग अंतर्गत अमीन भर्ती परीक्षा 2025 आगामी 7 दिसंबर को दुर्ग जिले के 77 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जायेगी। इसके लिए नोडल सेंटर दुर्ग द्वारा 77 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। इसी प्रकार समन्वयक केन्द्र साईंस कालेज द्वारा 77 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। इन सभी 154 पर्यवेक्षकों एवं 77 परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्षों की ब्रीफिंग 25 नवम्बर को साईंस कालेज के राधाकृष्णन सभागार तथा ग्रंथालय भवन के उपर स्थित रवीन्द्रनाथ टैगोर सभागार में दो पालियों में आयोजित होगी। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने बताया कि इस ब्रीफिंग के दौरान सभी प्रतिभागियों को व्यापमं द्वारा जारी नये दिशा निर्देशों से अवगत कराया जायेगा।

सहायक समन्वयक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव के अनुसार जल संसाधन विभाग के अमीन पद हेतु आयोजित होने वाली परीक्षा में परीक्षार्थियों एवं वीक्षकों सभी के लिए मोबाईल ले जाना वर्जित है। व्यापम द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार परीक्षार्थी हल्के रंग की हाफ बांह वाले वस्त्र पहनने पर ही परीक्षा केन्द्र में प्रवेश पा सकेगें। ठंड को देखते हुए व्यापमं द्वारा साधारण बिना जेब वाले स्वेटर पहनने की अनुमति प्रदान की गई है। प्रत्येक परीक्षार्थी को अपने साथ परिचय पत्र के रूप में ओरिजिनल परिचय पत्र लाना होगा। इनमें आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, पासपोर्ट, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाईसेंस सहित ऐसे दस्तावेज मान्य होंगे, जिसमें परीक्षार्थी की फोटो स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हो।

## खबर संक्षेप

### कबड्डी जूनियर और सीनियर वर्ग के लिए चयन प्रतियोगिता 22 को

**गुण्डरदेही।** भारतीय पारंपरिक खेल कबड्डी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आगामी जूनियर बालक, बालिका तथा सीनियर महिला, पुरुष दोनों वर्गों की कबड्डी चयन प्रतियोगिता का आयोजन 22 अक्टूबर शनिवार को सुबह 10 से ग्राम अरमरीकला में किया जा रहा है। जिसमे जूनियर बालक, बालिका एवं सीनियर महिला, पुरुष वर्गों के अंतर्गत सभी इच्छुक खिलाड़ी अपना आधार कार्ड एवं दसवीं की मूल अंक सूची के साथ तथा सीनियर वर्ग सिर्फ अपने आधार कार्ड के साथ इस प्रतियोगिता में नामांकन फीस सौ रुपए रखी गई है, जूनियर वर्ग के लिए बालक 70 किलोग्राम, बालिका 65 किलोग्राम एवं सीनीयर 85 किलोग्राम से अधिक ना हो। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेल भावना, अनुशासन एवं टीम वर्क को प्रोत्साहित करना है। उक्त जानकारी सचिव लोकनाथ निषाद जिला कबड्डी संघ ने दी है।

### ओरमा में विद्युत सब-स्टेशन निर्माण में तेजी



**बालोद।** ग्राम ओरमा में विद्युत सब स्टेशन के लिए सरपंच मंजूलता परस साहू के साथ विद्युत विभाग के अधिकारी सहायक यंत्री हितेश कुमार यादव, तकनीकी वितरक तमराज साहू, पोषण साहू द्वारा स्थल निरीक्षण किया गया। बहुत जल्द जमीन अधिग्रहण के कार्य शुरू होंगे। बहुत जल्द ओरमा, मेडकी बघमरा भोथली क्षेत्रवासियों को लाभ मिलेंगे, ओरमा मैं सब स्टेशन खुलने के बाद सरपंच मंजूलता परस साहू ने स्थानीय बेरोजगार लोगों को रोजगार देने की भी बात कही, पटवारी तरमुन खान ने विद्युत विभाग को तत्काल नक्शा, खसरा उपलब्ध कराया, बहुत जल्द जमीन सीमांकन के कार्य शुरू होंगे, इसके बाद उम्मीद की जा रही है कि क्षेत्र में लाइट बंद के भी समस्या नहीं होंगे, किसानों के लिए भी घरेलू लाइन एवं मोटर पंप कनेक्शन के लिए तीन फीडर होंगे, जिससे लाइट गोल की समस्या से छुटकारा मिल सकता है। उक्त निरीक्षण में छत्तीसगढ स्टेट पावर वितरण कंपनी बालोद सहायक यंत्री हितेंद्र कुमार यादव, तकनीशियन ताम्रजध्वज साहू, पोषण साहू, पटवारी तरन्नूम खान की उपस्थिति में निरीक्षण हुआ।

### निर्माणाधीन मकान में युवक ने लगाई फांसी

**भिलाई।** युवक ने निर्माणाधीन मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। वैशाली नगर पुलिस ने बताया कि शांति नगर निवासी गणेश गुप्ता वाहनों की सफाई का काम करता था। गणेश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचानाम कर उसे पीएम के लिए मरच्यूरी भेज दिया। घटना स्थल से पुलिस को मोबाइल बरामद किया है। संदेह जताया जा रहा है कि मृतक आत्महत्या प्रेम प्रसंग के कारण किया होगा। संदेह जताया जा रहा है कि कुछ लोगों का वीडियो कॉल पर बातचीत किया होगा।

### नशे की दवा बेचने और तस्करी करने वाले गिरफ्तार

**भिलाई।** नशे की दवा बेचने और तस्करी करने वाले पांच युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। धमधा नाका मोर्चा प्वाईट के पास वाहन चेकिंग चल रहा था। चेकिंग को देखकर युवक भागने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने एक्टिवा वाहन को रोक कर पूछताछ की।

## निधन

### भीष्म देव यादव



**डौंडीलोहारा।** ग्राम सोरली निवासी भीष्म देव यादव 59 वर्ष का निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे, जिनका अंतिम संस्कार गुरुवार को किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक व परिवार जन उपस्थित थे। वे मुरलीधर तथा बालेश्वर के भाई एवं विभाष और विशाल यादव के पिताजी थे।

---

**प्रवचन :** ज्ञान, भक्ति और योग में समर्पण जरूरी

# मनुष्य का जीवन भगवत प्राप्ति का एकमात्र साधनः स्वामी युगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद





ब्रज गोपिका सेवा मिशन द्वारा आयोजित 20 दिवसीय विलक्षण दार्शनिक प्रवचन श्रृंखला के 14वे दिन स्वामी युगल शरण ने ज्ञान मार्ग के विषय में विस्तृत व्याख्या की और बताया कि अनंत कोटि जीवों में से मनुष्य ही केवल भगवत प्राप्ति कर सकता है। क्योंकि मनुष्य का कुछ विशेषता है जिसके कारण वह भगवत्प्राप्ति कर सकता है। मनुष्य ज्ञान प्रधान है और कर्म प्रधान भी है। मनुष्य को भगवान ने जो ज्ञान दिया है, उसका सदुपयोग करके उनको प्राप्त करना है।

स्वामी युगल शरण ने कहा कबीर जी ने कहा ये सब उदारचेता व्यक्ति है, किन्तु जो मेरे ज्ञान को प्राप्त है, उसे मैं अपने ही समान मानता हूं, वो मेरी आत्मा है। करोड़ों वर्षों में कोई एक ज्ञानी बनता है। ज्ञान मार्ग बहुत ही कठिन मार्ग है। एक ओर ज्ञान की प्रशंसा और दूसरी ओर वेद कहता है कर्म मार्ग से जाने वाले तो नासमझ है ही। लेकिन ज्ञान मार्ग से जो जाते हैं, वह तो महामूर्ख है। यहाँ ज्ञान की निंदा। तो आज तक समझ नहीं पाये कि कौन सा ज्ञान वंदनीय और कौन सा ज्ञान निंदनीय है, किसको अपनाना है और किसको त्यागना है ये समझना बहुत आवश्यक है।

तुलसीदास रामायण में कह रहे हैं पहले ज्ञानियों की प्रशंसा की, उसके पश्चात निंदा कर रहे हैं। पहले कहते हैं ज्ञानी भगवान के सर्वाधिक प्रिय है। फिर कहते हैं भक्ति और ज्ञान में कोई भेद नहीं। लेकिन अब कहते हैं कि वह मूर्ख ही, नहीं महामूर्ख। फिर कहते हैं, ज्ञानी बड़ा विचित्र प्रकार के जानवर है जिसके न सींग है ना पूंछ। स्वामी युगल शरण ने कहा ज्ञान दो प्रकार की है एक संसारी जगत का ज्ञान और दूसरा ईश्वरीय जगत का ज्ञान। अर्थात एक शाब्दिक ज्ञान और एक अनुभवात्मक ज्ञान, शास्त्र–वेद कण्ठस्थ कर लिए, शास्त्र का ज्ञान है, इसको शाब्दिक ज्ञान कहते हैं, यदि किसी के पास शाब्दिक ज्ञान प्रचुर मात्र में हैं, लेकिन कभी इसका प्रैक्टिकल अनुभव नहीं किया। ऐसा थोथा ज्ञान किस काम की! शाब्दिक ज्ञानी शब्दों का बढ़िया माधुर्य रखता है, लेकिन हृदय भावहीन है। इसलिए केवल शाब्दिक ज्ञानी नींदनीय है। उसके अंदर एक बीमारी पैदा हो जाता है मिथ्या अहंकार, मिथ्या अभिमान, मैं बहुत जानता हूं। वह एक साधारण जीव से भी नीचे हो जाता है। क्योंकि ये मिथ्या अभिमान भगवान से पृथक करने वाला महान बाधक तत्त्व है। अनुभवात्मक ज्ञानी बनना चाहिए। ये अनुभवात्मक ज्ञानी दो प्रकार के होते हैं। एक होता है आत्मज्ञानी और दूसरा परमात्म ज्ञानी। आत्मज्ञानी और परमात्म ज्ञानी के विषय में बताया आत्मज्ञानी अभी पूर्ण ज्ञानी बना नहीं और परमात्म ज्ञानी जो पूर्ण ज्ञानी है। शास्त्र कहता है जो घोर विरक्त है, वह ज्ञान मार्ग का अवलंब ले सकता है। ज्ञान मार्ग की प्रवेशिका बड़ी क्लिष्ट है। आदि जगद्गुरु शंकराचार्य वेदान्त में प्रथम सूत्र का भाष्य कर रहे थे अब ब्रह्म को जानने की जिज्ञासा हुई। इसका मतलब अब से पहले बहुत कुछ करना पड़ा। अब की स्थिति में आने के लिए बहुत कुछ करना है। इसलिए शंकराचार्य कह रहे हैं कि अब ब्रह्म को जानने की जिज्ञासा हुई। ज्ञान मार्ग में 8 कक्षायें है। जो साधन चतुष्टय संपन्न है, वह ज्ञान मार्ग में प्रवेश कर सकता है। विवेक, वैराग्य, शमादिगुणशालिनता, मुमुक्षुत्व। ये है अन्तरंग साधन। इसको साधन चतुष्टय कहते हैं। निदिध्यासन के बाद समाधि होता है। अहं ब्रह्मास्मि के बाद शून्य। निर्विकल्प समाधि।

---

# पीएमश्री स्कूल में धूमधाम से मनाया आनंद बाल मेला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर में आनंद बाल मेला मनाया गया।इस अवसर स्कूली बच्चों द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवानों का स्टाल लगाया गया। इस स्टाल में चना चरपट्टी, भेल, चाइनीज पकोड़ा, गुलाब जामुन, खस्ता ,पास्ता, मैगी, दूध फरा, अमरूद, खाने- पीने का स्टाल एवं मनोरंजन का स्टाल लगाया गया।इस मेला का आनंद लेने गांव वासी आये। आनंद मेला में बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने खूब मस्ती करते नजर आए। इस मेला में हाई स्कूल, मीडिल स्कूल के बच्चों के साथ साथ शिक्षको ने खूब आनंद लिये। सभी ने सुंदर सुंदर पकवान खाकर बच्चों की तारीफ किया।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से गांव के सरपंच योगेन्द्र दिल्लीवार, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती लक्ष्मी साहू, शाला विकास समिति के अध्यक्ष मोती मार्कण्डे, ललित बाई साहू, ललिता गजपाल, भामिनी महार, स्मृति सोनी, बीना देवांगन, प्रीति माला देवांगन, ज्योति गजपाल, रमेश गजपाल, गुंजा साहू, यशवंत साहू, के साथ साथ गांववासी उपस्थित थे। सभी ने आनंद मेला का लुत्फ उठाया। सभी ने कहा शिक्षा के साथ साथ ऐसे आयोजन होने से बच्चों के मानसिक स्थिति पर अच्छा प्रभाव पड़ता है। पढ़ाई के साथ साथ अन्य इसी प्रकार के कार्यक्रम होने से बच्चों के स्कूल आने की ललक बढ़ती है। इस अवसर पर संकुल समन्वयक उषा सिन्हा, पीएमश्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर, नरेश गायकवाड़, विजेता सूर्यवंशी, चमेली ठाकुर, मनोरमा हालदार, अंजू साहू, खिलेन्द्र कुमार यादव, बीएड प्रशिक्षण वाले बच्चों के साथ साथ पालक लोग उपस्थित थे।

■ पकवान, खेल और सांस्कृतिक रंग-आनंद मेला में बच्चों और ग्रामीणों की उमड़ी भीड़

---

# सिकोसा मंडल में मतदाता पुनरीक्षण पर हुई कार्यशाला बीएलओ व बूथ अध्यक्षों की भूमिका पर दिया गया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही




सिकोसा मंडल में प्रदेश एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार मतदाता पुनरीक्षण कार्यशाला का आयोजन 19 अक्टूबर को सिकोसा समरसता भवन में रखा गया था। जिसमें मतदाता पुनरीक्षण हेतु बीएलओ एवं बूथ अध्यक्ष की भूमिका पर विस्तृत जानकारी एवं सिकोसा मंडल के अंतर्गत 52 बूथों तक प्रत्येक कार्यकर्ता की महती भूमिका रहेगी। कार्यशाला अश्विनी यादव के द्वारा मतदाता पुनरीक्षण क्यों जरूरी है और क्या करना है इसके बारे में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया साथ ही साथ सिकोसा मंडल के मतदाता पुनरीक्षण प्रभारी सौरभ चोपड़ा के द्वारा प्रशासन एवं चुनाव निर्वाचन आयोग द्वारा एसआईआर संबंधित दिशा निर्देश को बताया गया। कार्यशाला में उपस्थित मंडल अध्यक्ष प्रकाश सिन्हा, महामंत्री आशीष साहू, युगल ताम्रकार, किरण तारम, अश्विनी कटहरे, कविता चंद्राकर, नोहर साहू, भोजराम साहू, डामन चौरे, महेश महिलवार, मनीष साहू, टामश साहू, महेश देवांगन, टांम सिन्हा, लेखराम साहू सहित बूथ अध्यक्ष एवं बीएलए उपस्थित थे।

■ एसआईआर दिशा-निर्देशों पर हुई चर्चा, त्रुटिरहित सूची बनाने की तैयारी

---

# सुव्यवस्थित धान खरीदी व्यवस्था से किसानों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

जिले में इस वर्ष धान खरीदी पूर्व की तुलना में कहीं अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और किसान हितैषी साबित हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा की गई सूक्ष्म तैयारियों और खरीदी केंद्रों की निरंतर मॉनिटरिंग ने इस प्रक्रिया को सहज और परेशानी मुक्त बनाया है।

कलेक्टर द्वारा केंद्रों में पहुंचकर व्यवस्था का निरीक्षण करना और अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश देना खरीदी की गति और गुणवत्ता दोनों को मजबूती प्रदान कर रहा है। खरीदी केंद्रों में पेयजल, शौचालय, बैठने की व्यवस्था, बारदाना, तौल मशीन और हमालों की पर्याप्त उपलब्धता ने किसानों की दिक्कतों को काफी हद तक दूर कर दिया है। प्रशासन की इसी सक्रियता की सराहना करते हुए क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने भी खरीदी व्यवस्था को उत्कृष्ट बताया है। इसी बीच डौंडीलोहारा भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने धान खरीदी व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन के प्रयासों की खुलकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि बालोद कलेक्टर द्वारा सतत निरीक्षण, मैदानी अमले को दिए गए स्पष्ट निर्देश और खरीदी केंद्रों में उपलब्ध सुविधाओं ने किसानों को वास्तविक राहत दी है। शर्मा ने विशेष रूप से कहा कि कलेक्टर की मेहनत और गंभीरता के कारण इस बार किसान बिना किसी चिंता के अपना धान विक्रय कर पा रहे हैं। प्रशासन ने जो व्यवस्था बनाई है, वह वास्तव में सराहनीय है। कुसुम शर्मा ने राज्य सरकार द्वारा किसानों को 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान खरीदी किए जाने के निर्णय को ऐतिहासिक बताते हुए मुख्यमंत्री की किसान हितैषी नीतियों को भविष्य निर्माणकारी बताया। उन्होंने कहा कि समर्थन मूल्य में वृद्धि और प्रति एकड़ 21 क्विंटल खरीदी का प्रावधान किसानों को आर्थिक रूप से मजबूत बनाता है और उनके मेहनत का सही मूल्य सुनिश्चित करता है। बालोद जिले में इस वर्ष धान खरीदी का सुचारू संचालन, जिला प्रशासन की तत्परता और सरकार की नीतियों के मेल का सकारात्मक परिणाम है।



■ भाजपा मंडल अध्यक्ष कुसुम शर्मा ने जिला प्रशासन के प्रयासों को सराहा

---

# किसान हित में बड़ा फैसला धान पंजीयन और रकबा संशोधन के लिए 25 तक अतिरिक्त समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

खरीफ वर्ष 2025 अंतर्गत किसानों को धान बेचने में सुविधा को ध्यान में रखते हुए शासन ने महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही हेतु 25 नवंबर 2025 तक अतिरिक्त समय का प्रावधान किया है।

किसान इसके लिए अपने संबंधित तहसील कार्यालय में जाकर पंजीयन और रकबा संशोधन का कार्य करा सकते हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा ने समस्त तहसीलदारों सहित सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि शासन के निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उल्लेखनीय है कि खरीफ वर्ष 2025 में एकीकृत किसान पोर्टल के नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन की कार्यवाही 01 जुलाई से 31 अक्टूबर 2025 तक करने का निर्देश जारी किया गया था। किन्तु किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए एकीकृत किसान पोर्टल में शेष कृषक, डूबान, वन पट्टाधारी कृषकों के कैरीफारवर्ड नवीन पंजीयन तथा पंजीकृत फसल रकबे में संशोधन के लिए 19 नवंबर से 25 नवंबर तक एक सप्ताह अतिरिक्त समय का प्रावधान पोर्टल के तहसील लॉगिन में किया गया है।

इसके साथ ही किसानों को पंजीयन में यदि किसी प्रकार की समस्या या तकनीकी समाधान की आवश्यकता हो तो एग्रीस्टेक हेल्पडेस्क के टोल फ्री नंबर 1800–233–1030 पर कॉल कर के सहयोग व मार्गदर्शन प्राप्त कर सकते हैं। धान बिक्री से संबंधित किसी अन्य प्रकार की समस्या पर खाद्य विभाग के टोल फ्री नंबर 1800–233–3663 पर काल कर के सहयोग लिया जा सकता है।

■ किसानों की समस्याओं के समाधान हेतु हेल्पडेस्क नंबर जारी

---

# चिखली में 4 विकास कार्यों का लोकार्पण और 2 का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



वनांचल के ग्राम पंचायत चिखली में बुधवार को 4 विकासकार्यों का लोकार्पण एवं 2 कार्यों का भूमि-पूजन कार्यक्रम उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डौंडी लोहारा विधायक अनिला भेड़िया रहीं। अध्यक्षता ग्राम पंचायत चिखली के सरपंच गोविंदा नागवंशी ने की। विशेष अतिथि के रूप में राजाराम तारम, सदस्य जिला पंचायत बालोद, भोला देशमुख पूर्व मंडी अध्यक्ष बालोद, गोविंद चंद्राकर विधायक प्रतिनिधि डौंडीलोहारा, गोपाल प्रजापति अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी डौंडीलोहारा तथा दिलीप बघेल जोन प्रभारी भंवरमरा, पंच उपसरपंच सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर पूजा-अर्चना कर की गई। इसके पश्चात 4 विकास कार्यों का लोकार्पण तथा 2 कार्यों का विधिवत भूमिपूजन किया गया। उद्बोधन में राजाराम तारम ने नव निर्माणाधीन स्कूल भवन के लिए ग्रामवासियों को बधाई दी। मुख्य अतिथि विधायक अनिला भेड़िया ने ग्राम पंचायत चिखली एवं सभी ग्रामीणों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ प्रत्येक गांव तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने चिखली ग्राम के लिए सुविधायुक्त महिला सामुदायिक मंगल भवन एवं बोर खनन कार्य की स्वीकृति और शीघ्र निर्माण का आश्वासन दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ग्राम के समग्र विकास हेतु लगातार प्रयास जारी हैं और कार्यों को समय पर पूरा कराया जाएगा। उनकी घोषणा से ग्रामवासी अत्यंत उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में सरपंच गोविंदा नागवंशी ने भी ग्रामवासियों को बधाई देते हुए विकास कार्यों का श्रेय ग्रामीणों के सहयोग को दिया। इस अवसर पर पंचगण, सचिव खिलावन ठाकुर, ग्रामीणजन सहित बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नेमेश मेरिया ने किया तथा अंत में खुबलाल सहारे ने आभार व्यक्त किया।

■ ग्राम चिखली में 4 कार्यों का लोकार्पण एवं 2 कार्यों का भूमिपूजन सम्पन्न

---

# 200 यूनिट हाफ बिजली की घोषणा चुनावी स्टंट यह राहत नहीं, जनता के साथ छलः अनिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा



डौंडीलोहारा की विधायक एवं कांग्रेस की वरिष्ठ नेता अनिला भेड़िया ने भाजपा की विष्णु सरकार पर सीधा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा 200 यूनिट तक बिजली हाफ करने की घोषणा जनता के लिए राहत नहीं, बल्कि एक चमकदार राजनीतिक नौटंकी है, क्योंकि यह फैसला वास्तविक जनहित से कोसों दूर है। अनिला भेड़िया ने कहा कि यह कदम जनता के बढ़ते असंतोष और कांग्रेस पार्टी के लगातार दबाव के चलते मजबूरी में उठाया गया है।उन्होंने याद दिलाया कि पूर्व कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में 400 यूनिट तक बिजली हाफ होती थी, जिससे गरीब, मजदूर, मध्यमवर्ग से लेकर ग्रामीण परिवारों तक को बड़ी आर्थिक राहत मिलती थी। लेकिन भाजपा सरकार ने सत्ता में आते ही इस सुविधा को समाप्त कर दिया और आज आधी-अधूरी राहत का दिखावा कर रही है।

### 200 यूनिट हाफ करना जनता के साथ खुला धोखाः अनिला भेड़िया

विधायक भेड़िया ने कहा 200 यूनिट हाफ करना राहत नहीं, बल्कि जनता को भ्रमित करने का प्रयास है।सरकार पहले जनता की सुविधा छीनती है, फिर अधूरी योजना लाकर वाहवाही लूटना चाहती है। यह निर्णय जनता की पीड़ा को समझने के बजाय राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश है।

उन्होंने आगे कहा कि वर्तमान समय में आम जनता महंगी बिजली, बढ़ते बिल और अतिरिक्त शुल्कों से बेहद परेशान है। ऐसे समय में सरकार को जनता को पूरी राहत देनी चाहिए, न कि आधी-अधूरी सुविधाओं की घोषणा करनी चाहिए।

कांग्रेस की मांग 400 यूनिट तक बिजली हाफ सुविधा तुरंत लागू हो कांग्रेस पार्टी ने साफ कहा है कि 400 यूनिट तक हाफ बिजली योजना को तुरंत बहाल किया जाए। जनता का पूरा अधिकार उन्हें वापस मिले, न कि आधा-अधूरा फायदा दिया जाए। भाजपा सरकार जनता के हक़ से खिलवाड़ करना बंद करे।अनिला भेड़िया ने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने जल्द निर्णय नहीं लिया तो कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे पर व्यापक जन आंदोलन करेगी और संघर्ष को और तेज किया जाएगा। कांग्रेस ने कहा कि बिजली दरों में लगातार बढ़ोतरी और सुविधाओं में कटौती से आम लोगों का बजट बिगड़ रहा है। पार्टी ने स्पष्ट किया कि कांग्रेस जनता की हर समस्या पर मजबूती से खड़ी है और सरकार के जनविरोधी निर्णयों का जमकर विरोध करेगी।

---

# रेलवे अंडरब्रिज के पास 8 फीट गड्ढे में बाइक सवार गिरा

## ग्रामीणों में ठेकेदार की लापरवाही को लेकर भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/सिकोसा



जुनवानी रेलवे क्रॉसिंग अंडर ब्रिज के पास 8 फीट गड्ढा में मोटर साइकिल सवार गिर गया। जिसमे युवक बुरी तरह घायल हो गया। घटना से क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है।

अंडरब्रिज के बगल पर 8 फीट गढ्ढा खोदा गया था, कचादूर निवासी युवराज साहू अपने रिश्तेदार भाटागांव से अपने गांव कचांदूर जाते समय में रात के अंधेरे में गिर गया, रेलवे ठेकादार के द्वारा कोई भी गति अवरोधक नही बनाया गया और ना ही कोई सूचना बोर्ड नहीं लगाया है। कोई संकेत बोर्ड नहीं लगाने के कारण अचानक मोटरसाइकिल वाला गड्ढे में गिर गया, पास से लगे गांव वाले भारी संख्या में भिड़ इकट्ठा हो गया। इसकी सुचना एसडीएम, गुण्डरदेही थाना को फोन लगाकर इसका सूचना दी गई। थाना से टीम आने के बाद गिरे व्यक्ति को बहार निकाला गया। घटना से ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया है, गांव वाले का कहना जब से निर्माण कार्य चालू है तब से या लापरवाही देखने को मिल रहा है, गांव वाले दूसरे दिन मोटरसाइकिल को नहीं निकलने दिया, क्योंकि ठेकेदार की लापरवाही को देखते हुए ग्रामीणों में भारी आक्रोश है गांव वाले अपनी मांग को लेकर कलेक्टर को आवेदन देने बात कही।

**खबर संक्षेप**



## श्री बाबा रामदेव मंदिर में चंद्रदर्शन महाआरती आज

**बालोद।** श्री बाबा रामदेव मंदिर में 21 नवंबर को संध्या 7:30 बजे से चंद्रदर्शन महाआरती का आयोजन होगा। श्री बाबा रामदेव धर्मार्थ सेवा समिति ने समस्त धर्म प्रेमी बन्धुओं से आरती में शामिल होने का निवेदन किया है।

## खुंदनी स्कूल में न्योता भोज कराया गया



**गुरूर।** ग्राम खुंदनी निवासी किशोरी लाल साहू ने अपनी पुत्री मानसी साहू कक्षा 1 ली के जन्म दिवस पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खुंदनी एवं शासकीय प्राथमिक शाला खुंदनी के बच्चों को न्योता भोज में खीर पूरी खिलाया। प्रधान पाठक सारिका चौधरी ने न्यौता भोजन कराने के लिए आभार व्यक्त किए व मानसी साहू को जन्म दिवस की शुभकामनाएं शाला परिवार की ओर से दिए। इस अवसर पर शाला के समस्त शिक्षक, संकुल समन्वयक खुंदनी एवं रसोइया उपस्थित थे।

## चार सूत्रीय मांगों को लेकर किसान संघ ने अपर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**गुण्डरदेही/कलंगपुर।** भारतीय किसान संघ जिला के पदाधिकारियों एवं किसानो के द्वारा धान खरीदी के सम्बन्ध में चार सूत्रीय मांगो को लेकर अपर कलेक्टर अजय कुमार लकरा को ज्ञापन सौंपा। जिसमे मांग की गई है कि धान खरीदी केन्द्रों में किसानों से प्रति तौल बारदाने सहित 40 किलो 700 ग्राम से अधिक नही लिया जाए, सभी समितियों में इसका आदेश जारी किया जाए। दो एकड़ तक के किसानों को 2. टोकन दिए जाए, 2 से 10 एकड के किसानों के लिए 3 टोकन एवं 10 एकड से ऊपर के किसानों को 4 टोकन दिया जाए। एग्रीस्टेक में पंजियन 31 जनवरी तक चालु रहे। धान का भुगतान बैंकों में किसानों कि मांग के अनुसार किया जाए। नियम बनाकर कम राशि का भुगतान नहीं किया जाए। उपरोक्त विषयों को लेकर भारतीय किसान संघ जिला बालोद ने अपर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन सौंपने भारतीय किसान संघ जिला बालोद अध्यक्ष सांवत राम साहू, मंत्री चाणक्य लाल यादव, उपाध्यक्ष देवी लाल डडसेना, जैविक प्रमुख मनहरण साहू, प्रचार प्रमुख उमेश कुमार साहू, भागवत प्रसाद चन्दवंशी, माखनलाल मंडावी, बाली कुमार साहू एवं अन्य किसान उपस्थित थे।

### आयोजन : समाज को संगठित व सक्षम बनाने का संकल्प, पदाधिकारियों को दी गई जिम्मेदारियां

# तहसील साहू संघ के नवीन पदाधिकारियों ने संभाला कार्यभार







हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर





तहसील साहू संघ के नवीन पदाधिकारियो ने गुरूवार को एक गरिमापूर्ण वातावरण में शपथ ग्रहण किया। इसके पूर्व तहसील अध्यक्ष मिथलेश साहू ने निर्वाचित पदाधिकारियो के साथ मनोनीत पदाधिकारियो के नामो की घोशणा के साथ मनोनीत पदाधिकारियो के नामो की घोशणा की। जिला अध्यक्ष सोमन साहू ने शपथ दिलाई।

तहसील साहू संघ अध्यक्ष मिथलेश साहू के साथ उपाध्यक्ष दुष्यंत साहू, उपाध्यक्ष ललिता साहू, संगठन सचिव लक्ष्मीचंद साहू, डामे"वरी साहू, सचिव खेदूराम साहू, कोशाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू, सह कोशाध्यक्ष कुबेर सोनबेर, सह सचिव सूरज गंगबेर, संयुक्त सचिव घनाराम जेठमल, संयोजक न्याय प्रकोष्ठ राम दयाल साहू, सह संयोजक धनसाय साहू, सचिव नेमसिंह साहू, संयोजक महिला प्रकोष्ठ धनेश्वरी साहू, सह संयोजक मीरा साहू, सचिव अमृत साहू, संयोजक युवा प्रकोष्ठ संजय साहू, सह संयोजक मनीश साहू, सचिव नीलाम्बर साहू, संयोजक अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ जगत राम साहू, सचिव सुरेश कुमार साहू, जिला प्रतिनिधि अशोक कुमार साहू, जिला प्रतिनिधि आत्मा राम साहू, सांस्कृतिक प्रभारी तुकाराम साहू, सांस्कृतिक प्रभारी युगल किशोर साहू, अंकेक्षक लीला राम सोनबेर, अंकेक्षक सुरेन्द्र कुमार साहू, मीडिया प्रभारी खोमे"वर गुरूपंच है। कार्यकारिणी सदस्य में प्रभुदास साहू, राम सहाय साहू, गौकरण साहू, आशाराम साहू, भुवन साहू, डॉ लीलाराम साहू, महेन्द्र कुमार साहू, ललित साहू, टेकचंद साहू, सोहन साहू, चन्द्रहास साहू, प्रीतम साहू, मुकेश साहू को बनाया गया है।

समारोह के मुख्य अतिथि विपिन साहू ने कहा पदाधिकारियो को समाज के बुजुर्गो के अनुभव का लाभ लेते रहना चाहिए। समाज मे त्याग, बलिदान, तपस्या करना पड़ता है। मिथलेश साहू के नेतृत्व मे साहू समाज विकसित समाज बनेगा। अखिल भारतीय तैलिक संघ सदस्य एवं पूर्व विधायक प्रीतम साहू ने कहा लगातार देखने मे आ रहा है कि जयचंदो के कारण समाज को नुकसान हो रहा है। समाज से ही कुछ लोग समाज को कमजोर करने मे लगे हुए है हम इस पर चिंतन कर कार्य करने की आव"यकता है। जनपद उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू ने कहा आदमी के ताकत की पहचान उसके कर्म से होती है। पूर्व विधायक दयाराम साहू ने कहा स्वयं के आत्म अवलोकन से हम आगे बढ़ सकते है। समाज मे भी यह आव"यक हो गया है। उन्होने कहा समाज एवं परिवार मे लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव समाज व परिवार मे बिखराव लाता हैं पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू ने कहा तहसील साहू समाज सदैव से संगठित एवं मजबूत रहा है।

इसका प्रमाण है कि गुरूर साहू सदन जैसे भवन पूरे छ.ग. मे तहसील स्तर पर नही है। पूर्व विधायक धमतरी रंजना साहू ने कहा समाज को ऊंचाई देने का कार्य करेंगे तो आने वाले समय में समाज को उसका लाभ होगा। पवन साहू ने कहा समाज का कार्य करना ही गौरव की बात है। समाज के अंतिम छोर मे स्थित बंधुओ को सहयोग कर उसे विकसित समृद्व करने की दिशा मे कार्य करने की आव"यकता है। जिला अध्यक्ष सोमन साहू ने बताया कि जिला साहू संघ का चुनावी बिगुल बज गया है। 27 नवंबर से चुनावी प्रक्रिया प्रारंभ होगी। आव"यकता हुई तो 29 नवंबर को मतदान होगा। कार्यक्रम में मंच संचालन सूरज गोपाल गंगबेर ने किया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष गोपाल साहू एवं हलधर साहू, जनपद अध्यक्ष सुनीता संजय साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रदीप साहू, जिला पंचायत संभापति लक्ष्मीअशोक साहू, तेजराम साहू एवं चद्रिरका गंजीर, वरिष्ठ समाज सेवी पूरण साहू अतिथि के रूप में मंचासीन थे। इनके साथ मंच में बालोद अध्यक्ष प्रेम साहू, गुण्डरदेही अध्यक्ष मानसिंह सार्वा, डौण्डीलोहारा अध्यक्ष परमानंद साहू, मीना साहू, बाबूलाल साहू, संध्या साहू, सत्येन्द्र साहू सहित पदाधिकारी एवं सामाजिकगण उपस्थित थे।

# धर्म आराधना में आस्था आवश्यक और दिखावा व्यर्थः विरागमुनि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



मनुष्य भव ही एक ऐसा भाव है जिसमें मोक्ष मार्ग की साधना की जा सकती है। कई जन्मों के कुसंस्कार जो हमारे अंदर भरे पड़े है, उन्हें दूर कर धर्म आराधना की जा सकती है।

> ■ पूर्व जन्मों के कुसंस्कार ही दुख का कारण : विरागमुनि

171 दिनों के उपवास के आराधक एवं संत विनय कुशल मुनि के शिष्य विरागमुनि बालोद प्रवास पर है। उन्होने गुरूवार को अपने प्रवचन श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए कहा कि हम धर्म आराधना करते हुए पापो से दूर रहते हैं, फिर भी सुख और शांति की अनुभूति नही होती। दरअसल हमारे अंदर के पूर्व के कई जन्मों के कुसंस्कार होते है, जो अवसर आते ही प्रगट हो जाते हैं और पाप के बंध होते जाते है। किसी भी तरह के पाप के भावों के प्रति हमारे मन मे धिक्कार भाव होना चाहिए, जिससे कि वो हम पर हावी न हो सके। भगवान के बताए मार्ग पर चलने की पूर्ण आस्था के अभाव में किया गया धर्म मात्र दिखावा क्रिया मात्र है। भगवान ने रात्रि भोज जमीकंद का निषेध बताया है, किंतु इन प्रारंभिक चीजो का ही यदि पालन नही कर पाते हैं तो अन्य बड़ी चीजों का पालन कैसे कर सकते हैं।

उन्होने कहा क्रोध, मान, माया, लोभ आत्मा पर लगे कषाय है जिन्हें दूर कर ही आत्मा का हित किया जा सकता है। ये चारों आपस मे चांडाल चौकड़ी की तरह है, ये हर जगह साथ ही होते हैं। इन कषायों को दूर करके ही धर्म किया जा सकता है। जैन धर्म तो जगत के प्राणी मात्र के लिए प्रेम और वात्सल्य की बात कहता है। आज हम देखते हैं कि अपने ही संबंधियों के साथ हमारे संबंध कटुता जे भरे हुए हैं। अपने अंदर के दुर्गुणों को दूर किये बिना न तो धर्म किया जा सकता और न ही सुख शांति प्राप्त की जा शक्ति है। संत श्री ने धर्म की व्याख्या करते हुए उक्ताशय के विचार व्यक्त किये। उक्त जानकारी रूपचंद गोलछा ने दी।

# सिरसिदा में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर शुरूआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा



राष्ट्रीय सेवा योजना माता कर्मा महाविद्यालय गुंडरदेही सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन ग्राम सिरसिदा विकासखंड गुंडरदेही जिला बालोद में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा पर आयोजित की जाती है जो युवाओं में शिक्षा के साथ-साथ समाज सेवा राष्ट्र निर्माण और समूचे समाज की सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध किया जाता है सुबह शिवरार्थी प्रभात फेरी कर गाओ वाले को जागरूक किए उसके बाद गांव के बाजार चौक का साफ सफाई किए , गांव में श्रम दान करके मंच का निर्माण किए , गांव में नाली निर्माण किए और सोखता निर्माण किए ,में एवं गांव के व्यक्तियों को संदेश दिए । जिसके बाद बौद्धिक सत्र का उदघाटन में मुख्य अतिथि की आसंदी पर राकेश कुमार (राष्ट्रपति पुरस्कृत वरिष्ठ स्वयं सेवक रासेयो ) , मनोज साहू ( वरिष्ठ स्वयंसेवक रासेयो माता कर्मा कला वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय गुण्डरदेही) एवं रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन हुआ जिसमें संध्या खरे (जनपद सदस्य गुण्डरदेही),मनोज खरे ,पुरुषोत्तम चंद्राकर (अध्यक्ष जनपद पंचायत गुण्डरदेही), सरस्वती चंद्राकर सरपंच ग्राम पंचायत सिरसिदा, कुलदीप साहू ( अध्यक्ष भाजपा मंडल ओटेबंद) ,संध्या खरे ( जनपद सदस्य गुण्डरदेही ),ख़ेमन चंद्राकर,एवं गणमान्य नागरिकों की गरिमा में उपस्थिति में संपन्न हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का उद्देश्य छात्रों को जीवन में सामाजिक मूल्यों के साथ साथ व्यक्तित्व के विकास के लिए आयोजित किया जाता है जिसमें सात दिवसीय तक छत्तीसगढ़ शासन राष्ट्रीय सेवा प्रकोष्ठ की योजना नशा मुक्त युवा थीम की गांव में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा जिसमें नशा मुक्ति अभियान, नूकड़ नाटक, इस कार्यक्रम के आयोजन पर ग्राम के प्रमुख कहा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से ग्राम जागरूकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसका हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं और इस दल के साथ जागरूक करने के लिए लोगों के बीच सात दिन तक हम भी कार्य करेंगे, कार्यक्रम का प्रारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार महा नदी हे अपार से हुआ और समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ। इस कार्यक्रम के आयोजन में संचालन स्वयं सेवक हर्षित बारले ने किया।

> ■ युवा शक्ति का समाज सेवा की ओर रुझान

अधिकारी आभार व्यक्त दुर्गा साहू ने किया। इस अवसर पर जिला संगठक डॉ लीना साहू ,कार्यक्रम अधिकारी घनश्याम साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक,रुचि देशमुख, रुद्र प्रताप साहू ,रोशन साहू,अभिषेक कुमार, मिथलेश कुमार,विक्की साहू,ज्योति साहू दीपिका सोनकर ,चित्रांशी ,सिमरन, इंद्राणी सेन,गुलशन, हर्षित बारले,सोमेश कुमार एवं समस्त स्वयंसेवक सेवकों की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

# आनंद मेला का हुआ आयोजन, खेल, स्टॉल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में दिखा उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में दो दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं आनंद मेला का आयोजन किया गया। वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारंभ प्राचार्य आर के देवांगन, वरिष्ठ व्याख्याता चंद्रमणि वासनिक तथा टी एल देवांगन के द्वारा विद्या की अधिष्ठात्री देवी मां सरस्वती के पूजन व वंदन के पश्चात गोला फेंक कर हुई। प्राचार्य ने कहा कि हमें जीवन में खेलो को विशेष महत्व देना चाहिए। इससे शारीरिक स्वास्थ्य ठीक रहता है एवं एकाग्रता, सहयोग, तालमेल बढ़ता है। क्रीड़ा प्रतियोगिता के संयोजक पीटीआई रीना बोरकर तथा सहसंयोजक व्याख्याता अजय पाठक थे। यह प्रतियोगिता बालक व बालिका दोनों वर्गों में 100 मीटर, 200 मीटर दौड़, रिले रेस, गोला फेक, लंबी कूद, क्रिकेट, रस्साकशी, स्लो साइकिल का आयोजन किया गया। सभी विजेताओं को गणतंत्र दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में सभी व्याख्याताओं ने निर्णायक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर आनंद मेला 2025 का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य प्रभा नायक, विशेष अतिथि सरपंच दीप्ति साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा विधायक प्रतिनिधि, चंद्रशेखर उर्वशा तथा अध्यक्षता जनपद पंचायत सदस्य तथा शाला विकास समिति के अध्यक्ष टूमन साहू थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। आनंद मेला में प्राथमिक, माध्यमिक व हायर सेकंडरी विद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा गुपचुप, भेल, चाउमीन, मनचूरीयन, चाइनीज पकौड़ा, ब्रेड पकौड़ा, इडली, मिर्ची भजिया, पान, केक, चना चरपटे, मनोरंजक खेल, एफ एल एन, ज्ञान वर्धक खेल के अलावा सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए थे। व्याख्याता पवन सिन्हा के निर्देशन में कक्षा 11 वीं विज्ञान के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित भूत बंगला व प्राथमिक के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित एफ एल एन, हिंदी, गणित, विज्ञान का स्टॉल विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस अवसर पर माध्यमिक शाला के प्रधान पाठक एच एल साहू, प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक लिखन राम सरपा, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशीबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, भागवत साहू, वेद प्रकाश साहू, महेश रावटे, रवि देवांगन, सी पी सोनबोईर, अनुराधा खरे, सुरेंद्र नेताम, बिंदु पटेल, बिंदु साहू, डी के मोहनमाला, संकुल समन्वयक लीलेंद्र देवांगन, चंद्रभान देवांगन, नेहा साहू, गायत्री देवांगन, ख़ोमिन साहू, संजय साहू, लिकेश्वरी भंडारी, कुंदन यादव , डिगेश्वर, जितेंद्र के अलावा बड़ी संख्या में विद्यार्थी व उनके पालक उपस्थित थे।

## राष्ट्रपति से सम्मानित कलेक्टर दिव्या का सिटी प्रेस क्लब किया स्वागत



**बालोद।** जल संचय, जन भागीदारी अभियान अंतर्गत बालोद जिले में हुए उत्कृष्ट कार्यों के लिए राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को सम्मानित की जाने पर सिटी प्रेस क्लब बालोद के सदस्यों ने उन्हें गुलदस्ता भेंट किया। इस अवसर पर सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष टीकम पिपरिया, उपाध्यक्ष मोइन खान, महासचिव प्रकाश उपाध्याय, कोषाध्यक्ष जुनैद कुरैशी, सहसचिव हरिवंश देशमुख, मिडिया प्रभारी बोधन भट्ट, सह मिडिया प्रभारी तिलक देशमुख, प्रवक्ता केशव सिन्हा, जितेन्द्र साहू, निलेश श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## पिकअप और कार में टक्कर

**भिलाई।** पिकअप और कार की टक्कर से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना कोतवाली दुर्ग थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक एमएच 40 सीटी 794 और कार सीजी 24 पी 0669 में आमने सामने भिड़ंत हो गई। घटना राजेंद्र पार्क चौक के पास ही है। भिड़ंत इतनी जोरदार थी कि कार सड़क पर ही घूम गई। कार के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पिकअप भी अनियंत्रित होकर बिजली पोल से जा टकराई।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, कैंमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

### राष्ट्रपति सम्मान जिले का गौरव भू-जल सुधार की दिशा में आगे भी जारी रहेगा प्रयासः तारणी

# कलेक्टर की कुशलता से जल संचय का बना रिकार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



जलसंचय के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर राष्ट्रपति द्वारा जिला कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा को सम्मानित करने पर क्षेत्र में हर्श व्याप्त है। जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने से जिले का मान बढ़ा है। इससे जिले में हर्श व्याप्त है। कलेक्टर के दिल्ली प्रवास से वापस जिला आने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने मिलकर बधाई प्रेशित की। उनके साथ जिला पंचायत उपाध्यक्ष तोमन साहू एवं पूर्व जनपद सदस्य पुष्पेन्द्र चन्द्राकर उपस्थित थे।

तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा राष्ट्रपति द्वारा जल संचय के क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए प्रथम स्थान प्राप्त करना जिले के लिए गौरव की बात है, कलेक्टर दिव्या मिश्रा के नेतृत्व में सबने मिलकर कार्य किया, कलेक्टर के कुशल एवं प्रभावी मार्गदर्शन से यह संभव हो सका है। आज बालोद जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर चमक रहा है। इसके लिए सभी जिलेवासी बधाई के पात्र है। तारणी चन्द्राकर ने कहा हमे यही नही रूकना है यह एक पड़ाव है क्योकि जिले में भू–जल संकट अब भी संतोशजनक नही है, हमे आगे भी मिलकर इस दिशा में कार्य करना है, जिले को सम्मान मिलने से जिले का मान बढ़ा है साथ ही हमे आगे और बेहतर करने की चुनौती भी है।

तारणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर ने कहा हमे कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा का नेतृत्व व मार्गदर्शन में इसी तरह मिलकर कार्य कर भू–जल स्तर को बढ़ाना है एवं अपने आने वाली पीढ़ी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध हो इसी दिशा में कार्य करना है।

online Booking:-www.tripuryatra.com


स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354 411411